


## जॉन अब्राहम के इंस्टा अकाउंट से सारी पोस्ट हुईं डिलीट

बॉलिवुड के सबसे फिट और आकर्षक ऐक्टर्स में से एक जॉन अब्राहम अपनी फिटनेस और फिल्मों के कारण चर्चा में रहते हैं। अब जॉन एक अलग ही कारण से सुर्खियों में आ गए हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से अचानक सारी पोस्ट्स डिलीट कर दी गई हैं। इसके बाद से ही चर्चा चल रही है कि जॉन ने ये सारी पोस्ट्स खुद डिलीट की हैं या उनके अकाउंट को हैक कर लिया गया है। जॉन अब्राहम का 3 दिन बाद 17 दिसंबर को बर्थडे है। ऐसे में अचानक उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से सारी पोस्ट डिलीट हो जाने पर फैन्स हैरत जता रहे हैं। माना जा रहा है कि जॉन का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर लिया गया है। हालांकि अभी तक जॉन अब्राहम की तरफ से इस बारे में कोई भी स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स में ऐसा भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि जॉन के अकाउंट से सारी पोस्ट्स डिलीट होना एक प्रमोशनल स्ट्रैटिजी हो सकती है। उनकी अगली फिल्म श्अटैकश् रिलीज होने वाली है और पोस्ट्स डिलीट करके वह यह जताना चाहते हैं कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर हैकर्स ने अटैक किया गया है। जब जॉन की तरफ से इस बारे में कोई स्टेटमेंट नहीं आता है तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल में जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते 2 रिलीज हुई थी।

## चाहत खन्ना ऐक्टर रोहन गंडोत्रा को कर रहीं डेट

ऐक्ट्रेस चाहत खन्ना अब रोहन गंडोत्रा को डेट कर रही हैं। चाहत ने रोमांटिक तस्वीरों के साथ इजहार–ए–इश्क किया है। चाहत एक सिंगल मदर हैं। उनकी दो बेटियां हैं। उनकी दो शादियां हुई थीं, लेकिन दोनों ही टूट गईं। ऐक्ट्रेस चाहत खन्ना एक बार फिर प्यार हो गया है। वह पॉप्युलर टीवी ऐक्टर रोहन गंडोत्रा को डेट कर रही हैं। दोनों के लिंकअप के चर्चे काफी वक्त से थे, लेकिन अब चाहत और रोहन ने अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया है। बता दें कि चाहत खन्ना सिंगल मदर हैं और दो बेटियों की मां हैं। चाहत खन्ना ने इंस्टाग्राम पर रोहन गंडोत्रा के साथ अपनी रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। साथ में रोमांटिक कैप्शन लिखकर रिलेशन पब्लिक किया है। चाहत खन्ना ने लिखा है, लेकिन प्यार अपना रास्ता ढूंढ ही लेता है। चाहत खन्ना के इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्स के खूब रिऐक्शन्स आ रहे हैं। सब इन दोनों की जोड़ी की तारीफ कर रहे हैं और प्यार बरसा रहे हैं। बता दें कि चाहत खन्ना की पहली शादी साल 2006 में भारत नरसिंघानी से हुई थी।

## लंदन के होटल में राज कपूर ने की थी अजीब हरकत, लगा था तगड़ा जुर्माना



तीन नैशनल अवॉर्ड। 11 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स। पद्म भूषण। दादा साहब फाल्के अवॉर्ड। हिंदी सिनेमा के लिए राज कपूर क्या थे, क्या हैं और क्या रहेंगे... इसे शब्दों में बुना नहीं जा सकता। कर्मशियल फिल्मों में अपने दौर में राज कपूर साहब ने जितने प्रयोग किए, शायद ही कोई बॉलिवुड डायरेक्टर फिर ऐसा कर पाया। 14 दिसंबर 1924 को ब्रिटिश भारत के पेशावर में पैदा हुए राज कपूर की फिल्में देख–देखकर आज भी ऐक्टर्स–डायरेक्टर्स सिनेमा का ककहरा सीखते हैं। फिर चाहे वह आवारा हो, अंदाज हो, श्री 420 हो या मेरा नाम जोकर, राज कपूर ने अपने काम से न सिर्फ खूब पैसा कमाया, बल्कि भारत से लेकर लंदन तक में उनकी शोहरत देखते ही बनती थी। हालांकि, एक दिलचस्प बात यह भी है कि करोड़ों की संपत्ति और सुपरस्टार होने के बावजूद राज कपूर ताउम्र जमीन पर सोए। वह होटलों में भी बेड पर नहीं सोते थे। एक बार तो उन्हें इस कारण जुर्माना भरना पड़ा था। राज कपूर ने कभी किसी काम को छोटा नहीं समझा। वह स्टूडियो में झाड़ू लगाने में भी हिचकते नहीं थे। पिता का रवैया थोड़ा सख्त था। लेकिन यह राज कपूर के बहुत काम आया।

# जावेद अख्तर ने कंगना के खिलाफ की गैर जमानती वॉरंट की मांग

*बॉलिवुड के जाने–माने स्क्रिप्ट राइटर और गीतकार जावेद अख्तर ने ऐक्ट्रेस कंगना रनौत के खिलाफ किए अपने मानहानि के मुकदमे में गैर जमानती वॉरंट इशू किए जाने की मांग की है। जावेद अख्तर के वकील जय भारद्वाज ने एक ने कोर्ट में एक ऐप्लिकेशन दाखिल करते हुए कहा है कि कंगना रनौत इस साल मार्च से अभी तक कई बार कोई न कोई कारण बता पेशी से छूट मांगती रही हैं।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




कंगना रनौत पिछली बार 20 सितंबर को इस केस की सुनवाई में अंधेरी के मेट्रोपॉलिटन मैजिस्ट्रेट आरआर खान के कोर्ट में पेश हुई थीं। अपनी ऐप्लिकेशन में भारद्वाज ने कहा, आरोपी के व्यवहार से ऐसा साफ नजर आ रहा है कि वह कोर्ट की कार्रवाई में देरी करने के लिए हर हथकंडा अपना रही हैं। इस ऐप्लिकेशन में यह भी दावा किया गया है कि कंगना ने कोर्ट के सामने झूठे और गलत बयान दिए हैं।

जावेद अख्तर की ऐप्लिकेशन के मुताबिक, केस की पिछली सुनवाई 21 अक्टूबर को हुई थी तब कंगना ने दावा किया था कि उन्हें तेज बुखार और बदन दर्द है जिसके कारण वह कोर्ट में पेश नहीं हो सकतीं। ऐप्लिकेशन में कहा गया है कि कंगना ने अपने बीमार होने के दावा किया था मगर उनके इंस्टाग्राम हैंडल के 15 नवंबर के अपडेट्स से पता चलता है कि वह अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थीं।

इससे पहले कंगना रनौत के वकील ने कहा था कि वह चीफ मेट्रोपॉलिटन मैजिस्ट्रेट के उस फैसले को चौलेंज करेंगे जिसमें उनके केस को ट्रांसफर किए जाने की याचिका को खारिज कर दिया गया था। जावेद की ऐप्लिकेशन में यह भी कहा गया है कि कंगना ने अभी तक मैजिस्ट्रेट के फैसले के खिलाफ कोई भी याचिका दाखिल नहीं की है। ऐप्लिकेशन में कहा गया है कि यह साबित करता है कि कंगना रनौत जान–बूझकर केस की सुनवाई में देरी कर रही हैं जिससे शिकायतकर्ता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।





जावेद अख्तर की इस ऐप्लिकेशन पर कोर्ट ने कंगना रनौत के वकील से 4 जनवरी को अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कंगना के वकील को यह भी आदेश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करें कि अगली सुनवाई में कंगना रनौत कोर्ट में हाजिर रहें।

बता दें कि कंगना रनौत के खिलाफ जावेद अख्तर ने नवंबर 2020 में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। यह केस कंगना के उन बयानों के बाद दर्ज कराया गया था जो उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान दिए थे। कंगना ने बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद दिए इंटरव्यू में आरोप लगाया था कि जावेद अख्तर फिल्म इंडस्ट्री में गुटबाजी करते हैं और नेपोटिजम को बढ़ावा देते हैं।

# इन तीन जवाब ने सुंदरियों को बनाया था मिस यूनिवर्स, हरनाज



*तीनों मिस यूनिवर्स हरनाज संधू सुष्मिता सेन और लारा दत्ता से इस कॉन्टेस्ट में फाइनल राउंड में पूछा गया था यह सवाल, जिसके जवाब ने सबको गदगद कर दिया। हरनाज संधू इंडिया का वह नाम हैं, जो इस वक्त हर इंडियन की नाज बन चुकी हैं।*

**सवाल जिसने हरनाज को दिलाई जीत**

हरनाज से पूछा गया, जो यंग लड़कियां आपको देख रही हैं उन्हें आप क्या सलाह देना चाहेंगी कि वह रोजाना की लाइफ के प्रेशर से कैसे डील करें? इसपर 21 साल की हरनाज ने बिना देर लगाए जवाब दिया, मुझे लगता है कि आज के समय में युवा जिस सबसे बड़े प्रेशर का सामना कर रहे हैं वह है खुद पर विश्वास करना। यह जानना कि आप यूनीक हैं और यही बात आपको खूबसूरत बनाती है। खुद की तुलना दूसरों से करना बंद कर दीजिए और दुनिया में जो कुछ हो रहा है उन जरूरी चीजें पर बात करिए। बाहर निकलिए और अपने लिए बातें कीजिए, क्योंकि आप अपनी जिंदगी के लीडर हो। आप अपनी जिंदगी की आवाज हो। मैं खुद पर भरोसा करती हूं और इसीलिए आज यहां खड़ी हूं। शुक्रिया।

**सुष्मिता सेन से पूछा गया था यह सवाल**

19 साल की सुष्मिता सेन से फाइनल राउंड में पूछा गया– यदि आपके पास वक्त और पैसा दोनों हो तो आप क्या एडवेंचर करना चाहेंगी? इसपर सुष्मिता ने कहा, मेरे लिए एडवेंचर वो हो जिसे मैं अपने अंदर इंजॉय कर सकूं। मुझे बच्चे बहुत पसंद हैं और यदि मेरे पास पैसे और समय दोनों होंगे मैं बच्चों के साथ वक्त गुजारना चाहूंगी। थैंक यू।

**लारा से पूछा गया था यह सवाल**

22 साल की लारा दत्ता से फाइनल राउंड में जज ने पूछा, यहां से बाहर अभी एक विरोध प्रदर्शन हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता को महिलाओं का अपमान बताया जा रहा है। आप उन्हें कैसे समझाएंगी कि वे गलत हैं? लारा ने कहा, मेरे मानना है कि मिस यूनिवर्स जैसे कॉन्टेस्ट हम यंग वुमन को एक प्लेटफॉर्म देता है, ताकि हम उस फील्ड में आगे बढ़ सकें जिसमें आगे बढ़ना चाहते हैं, फिर चाहे वो बिजनस हो, आर्म्ड फोर्स या राजनिति हो। यह हमें अपनी चॉइस और विचारों की आवाज को बुलंद करने के लिए प्लैटफॉर्म देता है, हमें मजबूत बनाता है और इंडिपेंडेंट बनाता है जो आज हम हैं।